# कैमूर चेतना सत्र

बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर द्वारा सभी विद्यालयों के लिए प्रकाशित








- ❖ संपादकीय
- ❖ आदर्श आचार संहिता
- ❖ प्रार्थना
- ❖ बिहार राज्य गीत
- ❖ संविधान की प्रस्तावना
- ❖ राष्ट्रगान
- ❖ आज का सुविचार
- ❖ दिवस विशेष
- ❖ सामान्य ज्ञान
- ❖ शब्द ज्ञान
- ❖ कंप्यूटर ज्ञान
- ❖ तर्क ज्ञान
- ❖ प्रेरक प्रसंग
- ❖ रोचक तथ्य
- ❖ बूझो तो जाने
- ❖ विभागीय सूचना








**NOVEMBER 2025**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | |

**परिकल्पना सहयोग :**
चेतना - सत्र संसाधन निर्माण कोषांग
**प्रकाशक :**
बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग , कैमूर

**चेतना - सत्र**
**संसाधन सामग्री निर्माण कोषांग**
**सदस्य सह संपादकीय समूह**



**सुमित कुमार**
प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ, कैमूर



**शिव कुमार गुप्ता**
राजकीयकृत मध्य विद्यालय नीमी, भभुआ

**सभी विद्यालयों के शिक्षक 'कैमूर चेतना – सत्र' के ग्रुप में जुड़ना सुनिश्चित करें ताकि चेतना सत्र की प्रति सभी को आसानी से प्राप्त हो**

**कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना**
शिक्षा भवन , भागीरथी मुक्तावकाश मंच , भभुआ (कैमूर )
पिनकोड – 821101

ईमेल –
chetnakaimur@gmail.com

# आदर्श आचार संहिता

## क्या है आचार संहिता ?

किसी भी चुनाव को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से पूरा करने के लिए चुनाव आयोग ने कुछ नियम-शर्तें तय की हैं। इन्हीं नियमों को आचार संहिता कहते है ।

चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ आचार संहिता लागू हो जाती है, जो चुनाव परिणाम घोषित होने तक लागू रहती है ।

चुनाव में हिस्सा लेने वाले राजनैतिक दल, सरकार और प्रशासन समेत सभी आधिकारिक महकमों से जुड़े सभी लोगों को इन नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी होती है ।

## निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी :

चुनाव की तारीख का ऐलान हो चुका है, हालांकि उससे पहले भी कई ऐसे नियम और आयोग की जिम्मेदारी होती है, जिस पर चुनाव आयोग की नजर रहती है । जैसे किसी भी राज्य में चुनाव की तारीख ऐलान से पहले यदि कोई अधिकारी किसी एक ही जिले में बीते चार वर्ष से तैनात हैं या उसकी पोस्टिंग को तीन वर्ष पूरे हो गए हैं तो उस जिले से उसका ट्रांसफर करना होता है ।

हालांकि यह नियम DEO, RO, ARO, पुलिस इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और इससे बड़ी पोस्ट के अधिकारियों पर लागू होते हैं। साथ ही चुनाव आचार संहिता से सीधे जुड़े होने वाले अधिकारियों की नियुक्ति उनके गृह जिलों में नहीं होगी ।

इसी के मद्देनजर चुनाव आयोग राज्यों के प्रशासन के साथ चुनाव की तैयारी के लिए दौरा करते हैं।

## आचार संहिता में इन कामों पर होती है पाबंदी :

1. आचार संहिता लागू होने के बाद केंद्र या राज्य सरकार किसी नई योजना और नई घोषणाएं नहीं हो सकतीं ।
2. चुनावी तैयारियों के लिए सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता । जैसे सरकारी गाड़ी, बंगला, एयरक्राफ्ट आदि।– आचार संहिता लागू होते ही दीवारों पर लिखे गए सभी तरह के पार्टी संबंधी नारे व प्रचार सामग्री हटा दी जाती हैं। होर्डिंग, बैनर व पोस्टर भी हटा दिए जाते हैं ।
3. राजनीतिक दलो को रैली, जुलूस या फिर मीटिंग के लिए परमिशन लेनी होती है।
4. धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल चुनाव के दौरान नहीं किया जाएगा |
5. मतदाताओं को किसी भी तरह से रिश्वत नहीं दी जा सकती । रिश्वत के बल पर वोट हासिल नहीं किए जा सकते ।
6. किसी भी प्रत्याशी या पार्टी पर निजी हमले नहीं किए जा सकते ।
7. मतदान केंद्रों पर वोटरों को लाने के लिए गाड़ी मुहैया नहीं करवा सकते।
8. मतदान के दिन और इसके 24 घंटे पहले किसी को शराब वितरित न की जाए ।

## 1. प्रार्थना

### प्रार्थना

तुम्ही हो माता, पिता तुम्ही हो।
तुम्ही हो बंधू, सखा तुम्ही हो॥

तुम ही हो साथी, तुम ही सहारे।
कोई ना अपना सिवा तुम्हारे॥
तुम ही हो साथी, तुम ही सहारे।
कोई ना अपना सिवा तुम्हारे॥
तुम ही हो नईया, तुम ही खिवईया।
तुम ही हो बंधू, सखा तुम ही हो॥
तुम ही हो माता, पिता तुम्ही हो।
तुम ही हो बंधू, सखा तुम्ही हो॥
जो खिल सके ना वो फूल हम हैं।
तुम्हारे चरणों की धूल हम हैं॥
जो खिल सके ना वो फूल हम हैं।
तुम्हारे चरणों की धूल हम हैं॥
दया की दृष्टि, सदा ही रखना।
तुम ही हो बंधू, सखा तुम्ही हो॥
तुम्ही हो माता, पिता तुम्ही हो।
तुम्ही हो बंधू, सखा तुम्ही हो॥

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,तुझको शत – शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र

तू बोधिसत्व की करुणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरुगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है

तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत

लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,

तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत – शत वंदन बिहार, मेरे भारत के कंठहार

### संविधान की प्रस्तावना

**"हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय; विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता; प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।"**

कैमूर चेतना सत्र

### राष्ट्रगान

**जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तब शुभ नामे जागे, तब शुभ आशीष मांगे
गाहे तब जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे॥**

## 2. आज का सुविचार

**"इतिहास लिखने के लिए कलम नही, हौसलों की जरूरत होती है।"**

## 3. दिवस विशेष

**शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस**

इसका उद्देश्य समाज में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना और वैज्ञानिक मुद्दों पर व्यापक बहस को बढ़ावा देना है।यह दिवस विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने पर भी केंद्रित है।

**विश्व टीकाकरण दिवस:**

इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है।इसका लक्ष्य बीमारियों को रोकने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए टीकाकरण के उपयोग को बढ़ावा देना है।

## 4. आज का इतिहास

1698: कलकत्ता को ईस्ट इंडिया कंपनी को बेच दिया गया था।

1848: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता और संस्थापक सदस्य सुरेंद्रनाथ बनर्जी का जन्म हुआ

1920: राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियन नेता और भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपन्त ठेंगडी का जन्म हुआ था।

1990: चंद्रशेखर भारत के आठवें प्रधानमंत्री बने।

2013: राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार विजयदान देथा का निधन हुआ था।

## 5. सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी? | उत्तर: 1885 में |
| अर्थशास्त्र पुस्तक के लेखक कौन हैं? | उत्तर: चाणक्य |
| " कैप्टन कूल " किसका उपनाम हैं? | उत्तर: महेंद्र सिंह धोनी |
| सबसे अधिक उपग्रह वाला ग्रह कौन सा हैं? | उत्तर: शनि |
| पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन सा हैं? | उत्तर: चंद्रमा |
| टेलीविजन का आविष्कार किसने किया था? | उत्तर:- जे. एल. बेयर्ड |
| हीरा चमकदार क्यों दिखाई देता है? | उत्तर:-पूर्ण आंतरिक परावर्तन के कारण |
| मनुष्य के रक्त का PH मान कितना होता है? | उत्तर:- 7.4 |
| पृथ्वी पर सबसे अधिक मात्रा में पाया जाने वाला धातु तत्त्व कौन-सा है? | उत्तर:- ऐलुमिनियम |
| मनुष्य के नेत्र में कौन सा लेंस उपस्थित होता हैं? | उत्तर: उत्तल लेंस |
| नारी अदालत किस राज्य में शुरू की गई? | उत्तर: उत्तराखंड |
| भारत का राष्ट्रीय गीत कौन-सा है? | उत्तर: वंदे मातरम् |
| 'जय जवान जय किसान' का नारा किसने दिया था? | उत्तर: लाल बहादुर शास्त्री |
| मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि कौन-सी है? | उत्तर: यकृत (लिवर) |
| विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है? | उत्तर: प्रशांत महासागर |
| बिहार राज्य की स्थापना कब हुई थी? | उत्तर: 22 मार्च 1912 |

## 6. भाषा ज्ञान

| | | | |
|---|---|---|---|
| Propose | - प्रस्ताव रखना | Absolutely | - बिल्कुल |
| Absorb | - सोख लेना | Abuse | - गाली देना |
| Academic | - शैक्षिक | Accept | - मानना |
| Purpose | - इरादा | Honesty | - ईमानदारी |
| Impose | - थोपना | | |

## 7. कंप्यूटर ज्ञान

**विशिष्ट कुंजियाँ (Special keys):**

**Enter Key , Delete Key, ctrl Key , Esc Key, Tab Key , Spacebar Key .**

## 8. तर्क ज्ञान

निम्नलिखित शब्दों में से विषम शब्द चुनिए |
(A) शनि (B) पृथ्वी
(C) चन्द्रमा (D) शुक्र

निम्नलिखित शब्दों में से विषम शब्द चुनिए |
(A) महासागर (B) कुआँ
(C) टैंक (D) झील

## 9. प्रेरक प्रसंग

एक बार एक 24 साल का लड़का अपने पिता के साथ ट्रेन में था। ट्रेन की खिड़की से बाहर देखते हुए, वह चिल्लाया... "पिताजी, देखो, पेड़ हमारे पीछे जा रहे हैं!"
उसके पिता मुस्कुराए। पास बैठे एक जोड़े का ध्यान उस लड़के की ओर गया, जिन्होंने उसके बचकाने व्यवहार पर दया की दृष्टि से देखा।
अचानक, लड़का फिर से चिल्लाया... "पिताजी, देखो, बादल हमारे साथ दौड़ रहे हैं!"
शोरगुल से परेशान होकर दम्पति ने बूढ़े व्यक्ति की ओर देखा और कहा, "आपको अपने बेटे को किसी अच्छे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।"
बूढ़े आदमी ने दंपत्ति की तरफ़ मुस्कुराते हुए कहा, "इसने अभी-अभी देखा। हम अस्पताल से घर जा रहे हैं। मेरा बेटा जन्म से ही अंधा था, और आज ही उसे आँखें मिली हैं।"

**नैतिक:**
धरती पर हर किसी की एक कहानी होती है। लोगों को पूरी तरह जानने से पहले उनके बारे में कोई राय न बनाएँ। सच्चाई आपको चौंका सकती है।

## 10. बूझो तो जानें

"काली आँखों वाली पर न सोती,दिन-रात सबको राह दिखाती।"

➡ उत्तर: दीपक

## 11. रोचक तथ्य

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र: भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी आबादी एक साथ मतदान करती है।

## 13. विभागीय सूचना

1. अक्टूबर माह के PBL MIP को अभी तक मात्र 78 % विद्यालयों ने पूरा किया है | बाकि बचे सभी विद्यालय आज MIP को पूरा करके google लिंक को जरूर भर देंगे |

2. वीरगाथा 5.0 को सभी विद्यालय अपने अपने विद्यालयों में आयोजित करके पोर्टल अपलोड करना सुनिश्चित करें |

